एल—33001/93

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 13] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 27, 1993 (चैत्र 6, 1915)
No. 13] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 27, 1993 (CHAITRA 6, 1915)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	367
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	341
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	3
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	465
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों जिनमें (सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	313
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	217
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	11407
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	45
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को देने वाला अनुपूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं ।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	367
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	341
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence.	3
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	465
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION—4 Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	313
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	217
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	11407
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private bodies.	45
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi.	*

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 13 मार्च 1993

सं० 52-प्रेज०-93-राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक" पुरस्कार प्रदान करने की स्वीकृति देते हैं :—

1. श्री जावेद,
   म० नं० 41/3, अहीरपुरा, (मरणोपरांत)
   जहांगीराबाद,
   भोपाल ।

13 जनवरी, 1991 को 8.40 बजे प्रातः श्री मोती लाल जैन के घर में एक गैस सिलिण्डर फट गया और इससे आग लग गई । श्री जैन घर पर नहीं थे । उनकी पत्नी श्रीमती विमला बाई और तीन बच्चे जलते हुए कमरे में फंस गए । श्रीमती विमला मदद के लिए चिल्लाई । उनके पड़ौसी, श्री जावेद अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना जलते हुए कमरे में घुसे और श्रीमती विमला बाई और उनके तीन बच्चों को कमरे से बाहर निकाल लाए। ऐसा करते हुए, वे स्वयं बुरी तरह झुलस गए (शरीर का 99 प्रतिशत जल गया था) और अधिक जल जाने के कारण 18-1-1991 को उनकी मृत्यु हो गई ।

श्री जावेद ने चार लोगों को आग से बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया, परन्तु दुर्भाग्यवश इस प्रक्रिया में उन्हें अपनी जान से हाथ धोना पड़ा ।

2. श्री बचन सिंह पोखरियाल,
   गार्ड कीपर,
   स्टेट बैंक आफ इण्डिया,
   उत्तरकाशी, उ० प्र० ।

20 अक्तूबर, 1991 की रात्रि में लगभग 2.55 बजे स्टेट बैंक आफ इण्डिया, उत्तरकाशी की बिल्डिंग भीषण भूकम्प के कारण ढह गई, यह देखकर गार्ड कीपर, श्री बचन सिंह मदद के लिए चिल्लाया । वह स्वयं बिना समय गंवाए ढहती हुई बिल्डिंग में घुसे और मलवे में फंसे तीन व्यक्तियों को बाहर लाने में सफल रहे। उन्होंने 12 करोड़ रु० की बैंक की नकद राशि को बचाने में अहम भूमिका निभाई ।

इस प्रकार अपनी जान के प्रति गम्भीर जोखिम की परवाह किए बिना श्री बचन सिंह ने तीन व्यक्तियों की जान और बैंक की नकद राशि बचाने में अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

गिरीश प्रधान,
निदेशक

सं० 53-प्रेज०/93-राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "उत्तम जीवन रक्षा पदक" पुरस्कार प्रदान करने की स्वीकृति देते हैं :—

1. श्री इन्डीपेंडेंटा,
   इलेक्ट्रिक वेंग, शुंगले, (मरणोपरांत)
   मिजोरम ।

18 जुलाई, 1992 को सायं 5 बजे कुमारी चिंगी मिट्टी के तेल के स्टोव पर खाना पका रही थी । खाना पकाते हुए उसने स्टोव में मिट्टी का तेल डाला जिससे स्टोव ने आग पकड़ ली । इस प्रक्रिया में कुमारी चिंगा के कपड़ों में आग लग गई और वह मदद के लिए चिल्लाई । उसकी चीख-पुकार सुनकर श्री इन्डीपेंडेंटा जो उसी बहु मंजिली इमारत की पहली मंजिल में रहते थे, उसे बचाने के लिए भागे । वे कुमारी चिंगी के कमरे में घुसकर उसे बाहर निकाल लाए। चूंकि स्टोव अभी भी खतरनाक ढंग से जल रहा था, अतः उन्होंने इमारत में रह रहे बाकी लोगों के लिए खतरा महसूस किया । वे फिर से घर के अन्दर गए और जलते हुए स्टोव को बाहर फेंक दिया । इस प्रक्रिया में वह बुरी तरह जल गए वे नीचे लुढ़कते हुए इमारत के बाहर निकल पाए और बेहोश हो गए । बेहोशी की हालत में ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां 21 जुलाई, 1992 को उनकी मृत्यु हो गई ।

श्री इन्डोपेन्डेंटा ने एक असहाय लड़की को बचाने में अनुकरणीय साहस और मानव जीवन के प्रति अनुराग का परिचय दिया और इस प्रक्रिया में सर्वोच्च बलिदान किया ।

2. श्री संजय,
   235, मोहल्ला धर्मपुरी, (मरणोपरांत)
   उत्तरी सिविल लाइन,
   थाना सिविल लाइन,
   मुजफ्फर नगर ।

20 अगस्त, 1992 को रात्रि लगभग 9.30 बजे श्री संजय ने, जो अपने मित्रों के साथ रेलवे लाइन के पास खड़े थे, मेरठ की तरफ से एक रेलगाड़ी आती देखी। उन्होंने यह भी देखा कि एक आदमी उसी पटरी पर सोया हुआ है। श्री संजय ने खतरे को महसूस किया और उनके बचाव के लिए दौड़े। उन्होंने तुरन्त उसे पटरी से बाहर खींच लिया और इस प्रकार उसकी जान बचाई। लेकिन इस प्रक्रिया में वे बुरी तरह घायल हो गए और बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया।

7. श्री संजय ने एक व्यक्ति की रेलगाड़ी के नीचे कुचले जाने से जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया लेकिन दुर्भाग्यवश इस प्रक्रिया में उन्हें अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।

3. कुमारी रीता गुप्ता,
ग्राम देवरिया रामनाथ,
वार्ड नं० 4, सी० सी० रोड का पश्चिम,
थाना कोतवाली, तहसील एवं जिला देवरिया।

24/25 जनवरी, 1990 की रात 12 बजे, हथियारों और बम से लैस चार डाकुओं ने श्री गंगा प्रसाद गुप्ता के घर पर हमला बोला। उन्होंने बम विस्फोट से घर की एक दीवार उड़ा दी और परिवार के कई सदस्यों को घायल कर दिया। डाकुओं ने कीमती सामान की मांग शुरू कर दी। यह देखकर कुमारी रीता गुप्ता अपने आप को नहीं रोक सकीं और डाकुओं पर झपट पड़ीं। हाथापाई के दौरान, परिवार के अन्य सदस्यों को भी उन्हें पकड़ने का मौका मिल गया। वे मदद के लिए चिल्लाए और एक पुलिस गश्ती दल वहां पहुंच गया। डाकुओं को गिरफ्तार कर लिया गया। यदि कुमारी रीता गुप्ता डाकुओं पर नहीं झपटती तो उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों को मार दिया होता।

कुमारी रीता गुप्ता ने अपनी जान के प्रति जोखिम की परवाह किए बिना अपने परिवार के सदस्यो का जीवन बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं० 54-प्रेज०/93—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "जीवन रक्षा पदक" पुरस्कार प्रदान करने की स्वीकृति देते हैं :—

1. श्री मिलापल्लो मुसलैया,
मकान न० 5-46, पाण्डरूवाणिपेट,
एच/ओ थोनौगी, गारा मण्डड,
जिला श्रीकाकुलम,
आंध्र प्रदेश।

3 फरवरी, 1992 को महोदय त्यौहार में श्रीकाकुलम जिले में कलिपंट्टनम् समुद्री तट पर वांसधारा नदी के समुद्र में मिलने के स्थान से लगभग 50 व्यक्तियों को एक फाइबर नाव से घुमाने के लिए ले जाया गया। रास्ते में नाव के इंजन में खराबी आ गई और वह उलट गई। सभी यात्री अपने प्राण बचाने के लिए जूझ रहे थे। उनकी दशा देखकर श्री मिलापल्ली मुसलैया, जो खुद विकलांग थे, उनके बचाव के लिए दौड़ पड़े। वे तुरन्त ही समुद्र में कूद गए और पीड़ितों को समीप ही खड़ी नाव तक लाना आरम्भ कर दिया। बाद में, मछुआरा समुदाय के कुछ अन्य लोग बचाव कार्य में उनके साथ लग गए। इस प्रकार से लगभग 25 अमूल्य प्राणों की रक्षा की गई। श्री मुसलैया और आगे समुद्र में गए मृत व्यक्तियों के शवों को ढूढ़ने लगे। उन्होंने तीन शव पकड़ लिए और उन्हें अपने कंधों पर रख कर किनारे तक ले आए।

श्री मिलापल्ली मुसलैया ने अपनी विकलांगता (एक टांग में पोलियो) के बावजूद अपने प्राणों की बिल्कुल परवाह न करते हुए लगभग 25 व्यक्तियों के प्राण बचाने में अदम्य साहस व तत्परता का परिचय दिया।

2. श्री अनिल कुमार,
262/8, कृष्णा कालोनी,
भिवानी,
हरियाणा।

16 जुलाई, 1991 को लगभग प्रातः 1.30 बजे कुछ डकैत मकान नं० 263/8 कृष्णा कालोनी, भिवानी में घुस गए। उन्होंने मकान मालिक श्री हरीश कुमार को बांध दिया और उनसे चाबियां छीन कर कीमती सामान इकट्ठा करने लग गए। इसे देखते हुए उनकी पत्नी श्रीमती मीना चिल्ला पड़ी क्योंकि डाकू अपने हाथों में छुरे लिए हुए थे। श्री अनिल कुमार जो मकान नं० 262/8 के एक कमरे में सोए हुए थे, मकान नं० 261/8 की छत पर गए और घटना के बारे में मालूम किया। वह अपने घर में गए और एक टार्च लाए और अपने पड़ोसी के घर में गए। एक डाकू ने उन पर छुरे से वार कर दिया जिसे उन्होंने टार्च की मदद से रोक लिया। श्री अनिल कुमार का भाई श्री सुनिल कुमार भी उसकी सहायता के लिए आ गया। उन्होंने एक डाकू को पकड़ लिया। श्री अनिल कुमार ने एक डाकू से हथियार छीन लिया और उनके साथ संघर्ष करना शुरू कर दिया। एक डाकू ने जो घर में था और तिजोरी से गहने व नकदी उठा रहा था, जब यह देखा कि उसका साथी बाहर नहीं आया तो उसने श्री अनिल कुमार पर चाकू से वार कर दिया और श्री अनिल कुमार घायल हो गए परन्तु इसके बावजूद वे डाकुओं का मुकाबला करते रहे। वह डाकुओं से सभी हथियार छीनने में सफल हो गए और डकैती के उनके प्रयास को विफल कर दिया परन्तु इस कार्रवाई में वे बुरी तरह ऐसे घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया और समय पर इलाज हो जाने के कारण उनके प्राण बचा लिए गए।

श्री अनिल कुमार ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना डाकुओं को रोकने तथा प्राणों की रक्षा करने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

3. मा० प्रदीप कुमार टांक,
गवर्नमेंट हाई स्कूल,
मेहलाना (सोनीपत),
हरियाणा।

26 जून, 1991 को मेहलाना गांव की पाँच औरतें अपने कपड़े धोने के लिए पश्चिम यमुना नहर गईं। वे नहर के गहरे पानी में गिर पड़ीं और सहायता के लिए चीखने चिल्लाने लगीं। मा० प्रदीप कुमार टांक ने जो उस स्थान के निकट ही थे, उनका पुकार सुनकर दौड़ता चला आया और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना नहर में कूद पड़ा। वह दो औरतों को नहर से बाहर लाने में सफल हो गया। उसने शेष तीन औरतों को भी बचाने का प्रयास किया, परन्तु वह उनको ढूंढ नहीं सका क्योंकि वे डूब चुकी थीं।

इस तरह से मा० प्रदीप कुमार टांक ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना दो औरतों के प्राण बचाने में अदम्य साहस एवं तत्परता का परिचय दिया।

4. श्री करिंगट्टिल थझा कुनियिल काणन,
पो० ओ० पथियारक्कड़ा (वरास्ता),
पड्प्पनम, वडकरा,
केरल।

16 नवम्बर, 1990 को जब कु० बिन्दु, कु० सविता और चतोत जानू अम्मा कुट्टियाडी नदी में स्नान कर रही थीं तब बिन्दु और सविता फिसल कर नदी में गिर पड़ीं और डूबने लगीं थीं क्योंकि उन्हें तैरना नहीं आता था। जानू अम्मा ने उन्हें बचाने का एक प्रयास किया परन्तु दुर्भाग्यवश बिन्दु ने उसे पकड़ने की कोशिश की। इस कोशिश में वे तीनों गहरे पानी में डूबने लगीं। 75 वर्ष की आयु के एक वृद्ध व्यक्ति करिंगट्टिल थझा कुनियिल काणन ने जो अपनी नाव में मछली पकड़ रहे थे, उनकी दशा देखा और तुरन्त ही उसकी सहायता के लिए आ पहुंचे। तत्काल ही वह उस स्थल पर पहुंचे और उनमें से एक को डूबने से बचा लिया और उसे अपनी नाव पर ले आए। तब तक दो अन्य लड़कों नदी में नीचे डूब चुकी थीं। यद्यपि श्रीकाणन हलांकि बहुत कमजोर थे, फिर भी वे नदी में कूद गए उन दोनों को सुरक्षित बाहर ले आए।

श्री करिंगट्टिल थझा कुनियिल काणन ने अपने जीवन के प्रति गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए डूबती हुई तीन महिलाओं के प्राणों को बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

5. श्री के० ई० मोहम्मद अब्दुल खादर,
कान्डतिल हाऊस रिया वार्ड,
अलप्पुझा,
केरल।

6. श्री पी० एस० अशरफ,
देवसोम पुरयादम,
सिविल स्टेशन वार्ड,
अलप्पुझा,
केरल।

5 अक्तूबर, 1989 को बिजली की एक लाइन टूट गई और करेंट वाली तार श्री कबीर के रिहायशी मकान के अहाते में गिर पड़ी। श्री कबीर की पचास वर्षीय माता श्रीमती नबीसा अपने दो पोता-पोती के साथ मकान से बाहर आ रही थीं। अशिक्षित होने तथा करेंट वाली तार को छूने के परिणाम से अनभिज्ञ होने के कारण उन्हें बिजली का जबरदस्त झटका लगा। वह औरत तथा बच्चे सहायता के लिए चिल्ला पड़े। उनकी पुकार सुनकर अपने मकान की मरम्मत कार्य कर रहे श्री के० ई० मोहम्मद अब्दुल खादर उनके बचाव के लिए दौड़े आए। उन्होंने दो बच्चों को सफ़लतापूर्वक करेंट वाली तार से अलग कर दिया। तथापि वृद्धा को बचाने के प्रयास में उन्हें एक जोर का झटका लगा और वे दूर जा गिरे। वह घर से तुरन्त ही बाहर निकले और सहायता के लिए पुकार की जिसे पास से गुजर रहे अशरफ ने सुन लिया जो राज्य परिवहन विभाग में एक इलेक्ट्रिशियन थे। वह तुरन्त ही श्री मोहम्मद अब्दुल खादर की सहायता से बिजली के खम्भे पर जा चढ़े और करेंट वाली तार को दूर हटा लिया। उसके बाद श्री मोहम्मद अब्दुल खादर घटना स्थल की ओर दौड़े और उस तार को हटा लिया जो अभी भी श्रीमती नबीसा के हाथों में थी। तब तक श्रीमती नबीसा बेहोश गई थीं और उनका हाथ पूरी तरह से झुलस गया था।

श्री अशरफ और श्री मोहम्मद अब्दुल खादर तीनों पीड़ितों को इलाज के लिए अस्पताल ले गए।

सर्वश्री के० ई० मोहम्मद अब्दुल खादर और श्री पी० एस० अशरफ ने अपने प्राणों के प्रति जोखिम की परवाह किए बिना वृद्धा और उसके दो पोता-पोती की बिजली की करेंट से जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

7. श्री रामाकृष्णा, (मरणोपरांत)
दुर्गाकेरी होन्नावर,
उत्तर कन्नड़ जिला,
कर्नाटक।

दिनांक 11 जुलाई, 1991 को छह वर्षीय बालक दीपक वीरप्पा नायक दुर्घटना वश अपने घर के नजदीक बिजली के खम्भे से टूट कर एक करेंट वाले तार के संपर्क में आ गया और वह सहायता के लिए चिल्ला रहा था। श्रीमती सूरेखा ने यह दृश्य देखा और अपने पति स्वर्गीय रामाकृष्णा को बताया। श्री रामाकृष्णा तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और बच्चे को बचा लिया। परन्तु दुर्भाग्यवश, बचाव की इस प्रक्रिया में वह स्वयं उस तार के संपर्क में आ गए और करेंट लगने से उनकी मृत्यू हो गई।

स्वर्गीय श्री रामाकृष्णा ने छह वर्षीय बच्चे की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया परन्तु इस कार्य में वे अपनी जान गंवा बैठे।

8. श्रीमती शारदा,
पत्नी श्री टी० एस० कनकन,
किझाथईल,
कोट्टामकुलानगरा वार्ड,
अवालुक्कन्नु डाकघर,
अलाप्पुजा–688007,
केरल।

31 मार्च, 1991 को एक देसी नौका जिसमें महिलाओं सहित खेतिहर मजदूर सवार थे, झील के बीच में उलट गई और उसके सभी यात्री नौका से उछलकर झील में जा गिरे। वे सभी सुरक्षा के लिए किनारे की तरफ तैर रहे थे। नौका यात्रियों में से एक श्रीमती शारदा ने जब संघर्ष कर रहे अपने सहकर्मियों की सहायता के लिए चीख पुकार सुनी तो वह तट की ओर तैरने लगीं। वह तत्काल उनके पास पहुंची। उन्होंने श्रीमती बीजी और श्रीमती अप्पी को बालों से पकड़ा और उन्हें अपने कंधों पर डालकर पानी में बह रहे टूटी नौका के टुकड़ों के बीच से तैरते हुए सूरक्षित स्थान की ओर चल पड़े। उसी समय उन्होंने अपनी एक सम्बन्धी श्रीमती ओमना जो अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रही थीं की धीमी पुकार सुनी। बिना किसी झिझक के वह दुबारा नौका पर पहुंची। श्रीमती शारदा ने डूबती हुई असहाय श्रीमती ओमना को बालों से पकड़ लिया और टूटी हुई नौका के तैरते हुए टुकड़ों पर खींच लाई। इसी बीच किनारे से लोग एक नौका में बैठकर वहां पहुंच गए और उन सबको बचा लिया।

श्रीमती शारदा ने अपनी जान की खतरे की परवाह किए बिना तीन डूबती हुई महिलाओं को जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

9. मास्टर दिलीप,
पुत्र श्री धुड़मल,
यात्रा मैदान धानसर रोड,
सतवास, तहसील कनौड,
जिला देवास,
मध्य प्रदेश।

10. मास्टर महेश,
पुत्र स्वर्गीय सोहन लाल,
यात्रा मैदान, धानसर रोड,
सतवास, तहसील कनौड,
जिला देवास,
मध्य प्रदेश।

11. मास्टर रघु,
पुत्र श्री फूल सिंह,
यात्रा मैदान धानसर रोड,
सतवास, तहसील कनौड,
जिला देवास,
मध्य प्रदेश।

14 जून, 1992 को 7 महिलाएं और एक 12 वर्षीय लड़की–लकड़ियां इकटठी करने के लिए जंगल में गईं। लौटते समय वे आराम करने तथा पानी पीने के लिए चन्द्रकेसर नदी पर रूकीं। 12 वर्षीय कुमारी मनबाई स्नान करने लगी। वह गहरे पानी में उतर गई और डूबने लगीं। यह देखकर कुमारी मनबाई को बचाने के लिए अन्य महिलाएं नदी में कूद पड़ी किन्तु वे भी डूबने लगीं। यह देखकर मास्टर दिलीप जो नजदीक ही नहा रहे थे उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद पड़े। डूबती हुई महिलाओं ने मास्टर रघु और मास्टर दिलीप के पांव पकड़ लिए। मास्टर महेश ने किसी तरह से स्वयं को उनकी पकड़ से छुड़ा लिया और उन्हें पानी से बाहर ले आए। मास्टर रघु एक महिला को पानी से बाहर ले आए और फिर अन्य महिलाओं की जान बचाने के लिए मास्टर महेश और मास्टर दिलीप की मदद में जुट गए।

मास्टर दिलीप, मास्टर महेश और मास्टर रघु ने डूबने से सात महिलाओं की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया और उन्होंने अपने जीवन के प्रति खतरे की परवाह न करते हुए डूबने से छह और महिलाओं की जान बचाने में मास्टर महेश की मदद की।

12. श्री केदार नाथ पाटिल (मरणोपरांत)
सरपंच, ग्राम पंचायत
जिगांव खुड,
जिला हार्दा,
मध्य प्रदेश।

3 अप्रैल, 1988 को श्री भगवान दास गूजर के घर में अचानक आग लग गई और यह फैलकर आस-पास के घरों तक जाने लगी। यह देखकर कि आग पर काबू नहीं पाया जा सकता, स्वर्गीय श्री केदार नाथ पाटिल आग की खबर देने अपनी मोटर साईकिल से आसपास के गांवों में गए और आग पर काबू पाने के लिए प्रशासन की सहायता मांगने हार्दा भी गए। प्रशासन को सूचित करने के तत्काल बाद वह घटना स्थल पर वापस आए और आग बुझाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। इस प्रक्रिया में वे कई जगह से जल गए और मौके पर ही बेहोश हो गए। उन्हें इलाज के लिए हार्दा ले जाया गया परन्तु अधिक जल जाने से उनकी मृत्यू हो गई।

श्री केदार नाथ पाटिल ने आग से अनेक व्यक्तियों की जान बचाने के अपने प्रयासों में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया, परन्तु दुर्भाग्यवश उस प्रक्रिया में वे अपनी जान गंवा बैठे।

13. कुमारी मीनाक्षी सेन,
गौड नर्सिंग होम के सामने,
खुर्जेवाला मोहल्ला,
दौलत गंज, लश्कर,
ग्वालियर,
मध्य प्रदेश।

11 मार्च, 1991 को 11 वर्षीय मास्टर अवनीश कुछ बच्चों के साथ गौड़ नर्सिंग होम के सामने खेल रहा था। वह एक बिजली के खंभे के संपर्क में आ गया और उससे चिपक कर रह गया क्योंकि खंभे में करंट आ रहा था। वह सहायता के लिए चिल्लाया। वहां कई लोग एकत्र हो गए परन्तु कोई भी उसे बचाने के लिए सामने आने की हिम्मत नहीं कर सका। कुमारी मीनाक्षी सेन जब अपने घर के भीतर थीं, चीख सुनकर बाहर आईं। वह निस्सहाय बच्चे के पास पहुंची और लकड़ी के एक टुकड़े की सहायता से उसने बच्चे को खंभे से अलग कर दिया और इस प्रकार उसकी जान बचाई।

कुमारी मीनाक्षी सेन ने अपनी जान को खतरे की परवाह किए बिना बिजली का करंट लगने से एक बच्चे की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

14. मास्टर मोहम्मद दाऊद सिद्दिकी,
पुत्र श्री ए० एस० सिद्दीकी,
टेलकम कालोनी, क्वार्टर नं० 11/8,
ईदगाह हिल्स, भोपाल,
मध्य प्रदेश।

24 दिसम्बर 1990 को कुछ बच्चे लुका-छिपी का खेल खेल रहे थे। 5 वर्षीय कुमारी ऊषा छिपने के लिए एक कूड़ेदान में चली गई जिसमें कूड़े का ढेर जल रहा था। वह कुछ जल गई और सहायता के लिए चीखी चिल्लाई। 5 वर्षीय मास्टर मोहम्मद दाऊद सिद्दिकी नमाज अदा करने के बाद उसी समय मस्जिद से लौटा था। वह उसे बचाने के लिए वहां पहुंचा और उसे कूड़ेदान से बाहर निकाल लाने में सफल रहा। इस प्रक्रिया में वह स्वयं गंभीर रूप से जल गया और बेहोश हो गया।

मास्टर मोहम्मद दाऊद सिद्दीकी ने अपनी छोटी उम्र के बावजूद अपनी जान के प्रति खतरे की परवाह किए बिना, जलने से एक लड़की की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

15. श्री अमरचन्द तुकाराम पाटिल,
सुगवेकर अली, नेरल,
तालुक करजट, जिला रायगढ़,
महाराष्ट्र—401101।

24 जुलाई, 1989 को करजट तालुका में भारी बाढ़ आ गई थी। उल्हास नदी के तट पर स्थित नेरल का एक छोटा सा मकान बाढ़ के पानी में घिर गया था और 17 व्यक्ति उसमें फंस गए थे। इन 17 व्यक्तियों का जीवन खतरे में था। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बचाने का प्रयत्न किया लेकिन सफलता नहीं मिली। श्री अमरचन्द तुकाराम पाटिल अपनी जान को खतरे में डालकर जलमग्न मकान तक पहुंचे और एक रस्सी की सहायता से सभी व्यक्तियों की जान बचाने में सफल रहे।

श्री अमरचन्द तुकाराम पाटिल ने अपनी जान को गंभीर खतरे की परवाह किए बिना 17 व्यक्तियों की जान बचाने में उच्चकोटि के साहस और तत्परता का परिचय दिया।

16. श्री वसन्त नारायण मोरे,
अब्दुल रजाक बिल्डिंग, पन्वेल,
मकान नं० 10, परदेश अली, पन्वेल,
जिला रायगढ़, महाराष्ट्र।

5 अगस्त, 1988 को एक स्कूल बस जिसमें 54 छात्र थे हिंदुस्तान इन्सेक्टिसाइड्स लिमिटेड के नजदीक एक बड़ी-सी खाई में जा गिरी जिसमें अम्लयुक्त दूषित पानी भरा हुआ था। श्री वसन्त नारायण मोरे देखते ही बच्चों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। उन्होंने फौरन पानी में छलांग लगा दी और बदकिस्मत बस तक जा पहुंचे। उन्होंने बस के शीशे तोड़ दिए और बस के अन्दर घुस गए। वे बस में फंसे सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लाए और ऐसा करते हुए उनका पूरा शरीर अम्लकृत पानी से झुलस गया।

श्री वसंत नारायण मोरे ने अपनी जान को गंभीर खतरे की बिल्कुल कोई परवाह किए बिना 54 छात्रों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया।

17. मास्टर यू० रिपिल बरेह,
खिम्मु निर्याग, जोवाई,
जैन्तिया हिल्स,
मेघालय।

25 अप्रैल, 1992 को एक बारह वर्षीय बालक, मास्टर लमडीया सुशेन नहाते समय मिन्तदु नदी में डूबने लगा था। बालक अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहा था। 14 वर्षीय एक अन्य बालक, मास्टर यू० रिपिल बरेह ने, जो उस समय वहाँ मौजूद था उसकी यह दशा देखी और उसे बचाने के लिए दौड़ा आया। वह फौरन नदी में कूद पड़ा (नदी का यह भाग खतरनाक माना जाता है और पिछले वर्षों में दो व्यक्ति वहां मर चुके थे) और डूबते हुए लड़के के पास जा पहुंचा। उसने लड़के को पकड़ लिया और उसे अपनी पीठ पर चढ़ाकर नदी तट तक तैरता हुआ वापस आया। इस बीच कुछ लोग वहां इकट्ठे हो गए और प्राथमिक उपचार किया। बाद में लड़के को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

मास्टर यू० रिपिल बरेह ने अपनी जान को गंभीर खतरे की परवाह किए बिना डूबते हुए लड़के (जिसे वह पहले से जानता नहीं था) की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

18. मास्टर लल्हमांगैहा,
सुपुत्र स्व० श्री जेंगसैलोवा,
ग्राम चिथार,
लुगलई जिला,
मिजोरम।

चिथार ग्राम के निवासी श्री देंगसलोवा अपने पुत्र मास्टर लल्हमांगैहा के साथ 9 जुलाई, 1992 को चावल इकठ्ठा करने थांगते ग्राम जा रहे थे । जब वे अपने गांव से लगभग [illegible] कि० मी० की दूरी पर कांलैक नदी के किनारे-किनारे चल रहे थे तो उनका सामना अचानक एक जंगली भालू से हो गया जो श्री देंगसलोवा पर हमला करने वाला ही था । श्री देंगसैलोवा ने अपना दाव निकाला तथा भालू को डरा कर भगाने के लिए वे तेज आवाज में चिल्लाए । लेकिन भालू ने उन पर हमला कर दिया और दोनों के बीच संघर्ष शुरु हो गया । भालू ने उनको परास्त कर नीचे गिरा दिया तथा उनके चेहरे, गले तथा सिर को जगह-जगह पर काट खाया । यह सब देख कर मास्टर लल्हमांगैहा अपने पिता की सहायता को दौड़ पड़े । उन्होंने नीचे गिर पड़े अपने पिता की दाव को उठा लिया तथा अपनी पूरी शक्ति से उन्होंने भालू पर दाव से अनेक बार प्रहार किया । इस पर भालू उनकी ओर मुड़ा तथा उन पर हमला कर दिया । भालू ने लड़के की जांघ को काट खाया जिसके परिणामस्वरूप उसके शरीर से काफी खून निकलने लगा । लेकिन लड़के ने साहस नहीं खोया तथा अपने दाव से उसने भालू के चेहरे पर जोर से प्रहार किया जिससे भालू जंगल में भाग गया । अपने घावों की परवाह न करते हुए लड़के ने अपने पिता की सेवा-सुश्रुषा करनी शुरू कर दी जिनके शरीर से काफी रक्त बह रहा था और जिनकी स्थिति खराब होती जा रही थी । उसने उन्हें लिटा दिया तथा अपने घावों की परवाह न करते हुए वह गांव वालों को इस घटना की जानकारी देने के लिए दौड़ पड़ा । जब तक गांव वाले घटनास्थल पर पहुंचते तब तक श्री देंगसैलोवा की मृत्यु हो चुकी थी ।

मास्टर लल्हमांगैहा ने अपनी जान के प्रति गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए जंगली भालू के पंजे से अपने पिता की जान बचाने में अदम्य साहस का परिचय दिया ।

19. श्री गुलबदन तल्ली (मरणोपरांत)
खापरसाही,
पो०/थाना—देवगढ़,
जिला——सम्बलपुर,
उड़ीसा ।

उत्कल विश्वविद्यालय के छात्रों का एक ग्रुप 11 अगस्त, 1990 को मंडल विरोधी आंदोलन के दौरान उड़ीसा राज्य परिवहन निगम की एक बस को जबरदस्ती वाणि विहार कैम्पस ले गया था । उन्होंने बस तथा ड्राइवर पर पैट्रोल छिड़क कर बस में आग लगा दी थी । बस के ड्राइवर, श्री गुलबदन तल्ली ने सार्वजनिक संपत्ति को इस प्रकार क्षति पहुंचाए जाने का विरोध किया तथा कर्मचारियों तथा यात्रियों के सकुशल बाहर निकलने तक बस से बाहर जाने से इंकार कर दिया । जलने के कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गए तथा उनकी मृत्यु हो गई ।

अनेक यात्रियों के जीवन तथा सार्वजनिक संपत्ति को बचाने के प्रयास में श्री गुलबदन तल्ली ने अदम्य साहस और आदरणीय कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया ।

20. सुश्री कमलेश वर्मा
3-बी० एच०-10-विज्ञान नगर
कोटा,
राजस्थान ।

मयंक सेकेण्डरी स्कूल कोटा के छात्र और शिक्षक भ्रमण के लिए 13 फरवरी 1988 को रामेश्वरम (जिला बूंदी) गए थे । यह स्थान पहाड़ियों के बीच स्थित है । इस क्षेत्र में एक नाला भी है जो जमीन से 50 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है । जब भ्रमणकारी दल भोजन कर रहा था तो मधुमक्खियों के तीन छत्तों की मधुमक्खियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया । इसके परिणामस्वरूप 7 छात्र और 2 शिक्षक बेहोश हो गए थे। विद्यालय की एक छात्रा सुश्री कमलेश वर्मा ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए उन्हें अपने कंधे पर उठाकर नाला की सीढ़ियों को पार कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और इस प्रकार उनके जीवन की रक्षा की ।

सुश्री कमलेश वर्मा ने अपने जीवन के प्रति गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए 9 व्यक्तियों के जीवन की रक्षा करने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

21. श्री रूप प्रकाश शुक्ला
सुपुत्र श्री ओम प्रकाश शुक्ला
चतिकमा मोहल्ला,
करोली,
राजस्थान ।

श्री बुद्धू तथा श्री बनवारी, जिनकी उम्र क्रमश: 12 और 18 वर्ष है, 30 जुलाई, 1990 को तालाब में नहाते समय अपना नियंत्रण खो बैठे तथा डूबने लगे। हालांकि वहां पर काफी लोग इकठ्ठा हो गए थे लेकिन उनमें से किसी ने भी डूबते हुए व्यक्तियों की जान बचाने के लिए पहल नहीं की । इसी समय, श्री रूप प्रकाश शुक्ला, जो वहां स्नान करने आए थे, तालाब में डूब रहे व्यक्तियों को बचाने के लिए दौड़ पड़े तथा दोनों व्यक्तियों को सफलतापूर्वक तालाब से बाहर निकाल लाए । इस प्रकार उन्होंने दो अमूल्य प्राणों की रक्षा की ।

दिनांक 17, 19 और 24 मार्च, 1992 को कला देवी मेले में भाग लेने के लिए विभिन्न स्थानों से लोग आए हुए थे और केलोसिल नदी में स्नान कर रहे थे। उनमें से कुछ लोग गहरे पानी में उतर गए और डूबने ही वाले थे कि श्री रूप प्रकाश शुक्ला ने अपनी जान जोखिम में डालकर तीन मौकों पर क्रमश: एक 9 वर्षीय लड़के, सुशीला देवी

नाम की एक महिला और श्री प्रेम सिंह जाटव को डूबने से बचाया ।

दिनांक 26 मार्च, 1991 को, एक इलेक्ट्रिशियन श्री सम्पू बिजली के कुछ उपकरणों की मरम्मत करते समय बिजली के करन्ट वाली तारों के सम्पर्क में आ गए और उनसे चिपक गए । श्री शुक्ला ने लकड़ी के एक टुकड़े की मदद से तारों को हटाया और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए ।

इस प्रकार श्री रूप प्रकाश शुक्ला ने अपनी जान के प्रति खतरे की परवाह किए बिना उत्कृष्ट साहस और तत्परता दिखाते हुए विभिन्न अवसरों पर पांच व्यक्तियों को डूबने से और एक व्यक्ति की करंट लगने से जान बचाई ।

22. श्री गौरव सक्सैना (मरणोपरांत)
बी–110, टोंस कालोनी,
डाक पत्थर,
देहरादून,
उत्तर प्रदेश ।

दिनांक 13 मई, 1991 को श्री गौरव सक्सैना और श्री विवेक अन्य दोस्तों के साथ बैराज पर घूमने गए हुए थे । घूमने और स्केटिंग के बाद श्री विवेक और श्री गौरव सक्सैना नहाने के लिए बैराज में घुस गए । नहाते समय श्री विवेक पानी की तेज धार में बह गए। चूंकि उन्हें तरना नहीं आता था, अतः वे सहायता के लिए चिल्लाए । श्री विवेक की जान बचाने के लिए श्री गौरव सक्सैना गहरे पानी में कूद पड़े परन्तु पानी की तेज धार में कुछ देर तैरने के बाद थक गए और अपने दोस्त की जान बचाने में स्वयं बैराज के गहरे पानी में डूब गए ।

श्री गौरव सक्सैना ने अपने दोस्त की जान बचाने की कोशिश में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का प्रदर्शन किया परन्तु दुर्भाग्यवश अपनी जान से हाथ धो बैठे और इस प्रकार इस प्रक्रिया में उन्होंने उच्चतम बलिदान दिया ।

23. श्री विजय कुमार दामले (मरणोपरांत)
बनयोता के पास,
थाना कोतवाली,
जिला—बांदा,
उत्तर प्रदेश ।

दिनांक 26 जनवरी, 1991 को श्री भोला प्रसाद साहू की दुकान में अचानक आग लग गई और उनकी लड़की दुकान के भीतर फंस गई । यह जानकर कि लड़की जलकर मर जाएगी, श्री विजय कुमार दामले तुरन्त दुकान में घुस गए और लड़की को सुरक्षित बाहर ले आए। इस प्रक्रिया में वे गंभीर रूप से जल गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई ।

श्री विजय कुमार दामले ने आग से जान बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया परन्तु दुर्भाग्यवश इस प्रक्रिया में अपनी जान गवां दी ।

24. श्री बचन सिंह जायरा,
सफाई एवं खाद्य निरीक्षक,
नगर पालिका, हरिद्वार,
उत्तर प्रदेश ।

दिनांक 21 मार्च, 1991 को, सार्वजनिक सीवर की सफाई करते समय, सफाई कर्मचारी श्री हरीश चन्द्र जहरीली गैस की चपेट में आ गए । उसकी जान बचाने के लिए दो सफाई कर्मचारी श्री सकटू और श्री कांती सीवर के मेन होल में घुसे परन्तु गैस के प्रभाव के कारण दोनों बेहोश हो गए । यह देखकर श्री बचन सिंह जायरा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक यह जानते हुए भी कि मेन होल में जहरीली गैस भरी है, उनकी सहायता के लिए दौड़े । वह मेन होल में घुस गए परन्तु जैसे ही वे कांती को एक रस्सी से बांध पाए, वे स्वयं भी बेहोश हो गए। श्री जायरा और श्री कांती को रास्ते से गुजरते हुए श्री वीरभान उपाध्याय ने रस्सी की सहायता से मेन होल के बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया । तथापि, दो सफाई कर्मचारी श्री हरीश चन्द्र और श्री सकटू की मौके पर ही मृत्यु हो गई । इस प्रकार श्री जायरा की तुरन्त कार्रवाई के कारण श्री कांती की जान बचाई जा सकी ।

श्री बचन सिंह जायरा ने अपनी जान के प्रति गम्भीर जोखिम की परवाह किए बिना एक सफाई कर्मचारी की जान बचाने में तत्परता, साहस और मानव जीवन के प्रति अनुराग का परिचय दिया ।

25. स० 0147/डी/44 कडेट,
रजत गुलाटी,
आई० एन० एस० मांडवी,
दक्षिणी नौसेना कमांड ।

8 सितम्बर, 1991 को कैडेट रजत गुलाटी आठ अन्य सहकर्मियों के साथ पंजिम के निकट असम्बल समुद्र तट पर पिकनिक के लिए गए थे । ग्रुप घुटनों तक की गहरे पानी में आगे बढ़ गया और वे वहां खेलने लगे । अचानक कैडेट गुलाटी ने मदद के लिए चीख पुकार सुनी और उन्होंने मुड़कर देखा तो पाया कि उनके चार सहकर्मी समुद्र की तरफ बहे चले जा रहे हैं । तैराकी न जानने के कारण वे बाहर निकलने के लिए जोरों से पानी में हाथ-पांव मार रहे थे । उनकी दुर्दशा देखकर कैडट गुलाटी उनके बचाव के लिए दौड़े । उस क्षेत्र में एक तेज समुद्रोन्मुखी प्रवाह था और समुद्र तल चट्टानी था। हालांकि पहले बचाव के प्रयास के बाद वे थक गए थे, तो भी कैडेट गुलाटी ने

विपदा में फंसे अपने साथियों को बचाने के लिए तीन और प्रयास किए ।

कैडेट गुलाटी ने बचाव का अपना भागीरथ प्रयास खत्म किया ही था कि उन्होंने एक मछुआरे को चिल्लाते हुए और एक ऐसे स्थान की ओर इशारा करते हुए पाया जहां एक अन्य कैडेट लापता हो गया था । यद्यपि वे बुरी तरह थक गए थे फिर भी उन्होंने पांचवे कैडेट की तलाश में पुन: समुद्र में डुबकी लगाई लेकिन उसे नहीं पा सके । कैडेट का शव अगले दिन समुद्र से बरामद हुआ ।

कैडेट गुलाटी ने अपनी जान के प्रति गम्भीर जोखिम की परवाह किए बिना अपने डूबते हुए साथियों को बचाने में अनुकरणीय साहस और जीवन के प्रति अनुराग का परिचय दिया ।

26. 2580938 लांस नायक चन्द्रन
आर्डनेन्स डिपो शकुर बस्ती
दिल्ली–110056 ।

3 मद्रास के लांसनायक चन्द्रन को इन्द्र धनुष अभ्यास के दौरान 14 सितम्बर 1990 के बाद से रुद्रप्रयाग में तैनात किया गया था । 18 सितम्बर 1990 को लगभग 2.30 बजे अपराह्न कुछ नागरिकों ने सूचना दी कि गढ़वाल मोटर संगठन यूनिट की ऋषिकेश से बद्रीनाथ जा रही एक सिविर बस जिसमें 54 यात्री सवार थे रुद्रप्रयाग से पांच किलोमीटर दूर मुख्य सड़क के पास ही 350 मीटर गहरी खाई में गिर गई थी । लान्स नायक चन्द्रन अपने साथियों के साथ दुर्घटनास्थल की ओर दौड़े । वहां उन्होंने देखा कि कुछ सिविलियन मरे पड़े थे और कुछ दुर्घटनास्थल से बच निकलने की कोशिश कर रहे थे । तब तक कोई बचाव कार्य शुरू नहीं हुआ था । लासनायक चन्द्रन 3 मद्रास और 5 सिख के एक बचाव दल सहित बंधी हुई रस्सियों के सहारे सीधी ढलान वाली गहरी घाटी में उतर गए । उन्होंने पाया कि लगभग 29 यात्री पहले ही दम तोड़ चुके थे और बाकी बहुत बुरी तरह घायल पड़े थे । लांसनायक चन्द्रन ने एक सिविलियन को अपनी पीठ से बांध लिया और उसे रस्सी के सहारे अपने साथ ऊपर खींच लाए । यह प्रक्रिया थकाने वाली और बोझिल थी । तथापि दृढ़ निश्चिय के साथ वे 300 मीटर की खड़ी चढ़ाई में उसे खींच लाए । सिविलियन को बाद में रुद्रप्रयाग स्थित सिविल अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सा उपचार के बाद वह बच गया । यह प्रक्रिया तब तक चलती रही जब तक कि सभी 25 घायल यात्रियों को वहां से निकाल नहीं लिया गया ।

27. जी 082165–एच० पायनीयर मौजी राम
1605पी०एन०आर० कम्पनी
(सी०आर०ई०एफ०)
मार्फत 99 ए०पी०ओ०

14 मार्च, 1992 को एक एल०पी०टी० जिसमें 18 कार्मिक सवार थे लिकबाली से अलांग जाते हुए 15 कि मी की दूरी पर चार सौ मीटर गहरी घाटी में गिर गई । दुर्घटना-ग्रस्त वाहन और कार्मिकों का पता नहीं लगाया जा सका क्योंकि जिस स्थान पर दुर्घटना घटी थी वह स्थान किसी तरह के बचाव कार्य करने के लिए बहुत ही खतरनाक था और इसमें बहुत बड़ा जोखिम था । इसके अलावा ढलान इतना गहरा और तेज था कि कुछ भी दिखाई नहीं देता था । दुर्घटना का समाचार सुनने पर पाइनीयर मौजी राम दुर्घटना स्थल की ओर चल पड़े । शीघ्र ही 101074 फील्ड वर्कशाप के आफिसर कमांडिंग मेजर बी०एस० सिद्धू स्थल पर पहुंचे और उन्होंने अत्यंत जोखिम भरे बचाव कार्य करने का निर्णय लिया । मेजर सिद्धू और मोटर ड्राईवर अलताफ हुसैन दुर्घटनाग्रस्त वाहन तक पहुंचने के लिए रस्सियों की मदद से घाटी में नीचे उतरते जा रहे थे । पाइनीयर मौजी राम जल्दी ही बचाव दल में शामिल हो गए । वे सब रस्सियों की मदद से नीचे चले जा रहे थे । उतरना इतना आसान काम नहीं था क्योंकि गिरते हुए पत्थर बचाव दल के ऊपर उनके रास्ते में गिर रहे थे । पाइनीयर मौजी राम अन्य लोगो के साथ बड़े धैर्य और दृढ़ विश्वास के साथ दुर्घटनास्थल वाहन तक पहुंचे । बचाव दल ने 14 घायल कार्मिकों और चार शवों को अपनी पीठ पर लाद कर रस्सियों से चढ़कर बाहर निकालने में सफल हुए । इस कारवाई में पाइनीयर मौजी राम गिरते हुए पत्थरों से बहुत बुरी तरह घायल हो गए। अन्यों को भी मामूली चोटें आई ।

पाइनीयर मौजी राम ने अपने प्राणों के लिए गंभिर खतरे की परवाह न करते हुए दुर्घटना के शिकार असहाय व्यक्तियों का जीवन बचाने में अनुकरणीय साहस और अनोखी कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया ।

28. 9084410 लांस नायक भारत भूषण
11 जम्मू व कश्मीर लाइट इन्फैन्ट्री
मार्फत 56 ए०पी०ओ० ।

5 अप्रैल 1991 को 26 यात्रियों और पांच गाय-बैल ले जा रही एक वोट रावी नदी के बीच में उलट गई और सभी पीड़ित व्यक्ति अपने प्राणों के लिए संघर्ष कर रहे थे और डूब रहे थे । नदी के किनारे पर फैरी क्रासिंग स्थल पर तैनात 11 जम्मू व कश्मीर लाइट इन्फैन्ट्री की "डी" कम्पनी के संतरी ने इस दुर्घटना को देखा और शोर मचा दिया । कम्पनी द्वारा तत्काल ही दो बचाव दल बनाए गए । लांस नायक भारत भूषण एक बचाव दल में शामिल हो गए और डूबते हुए असहाय व्यक्तियों की मदद के लिए दौड़ पड़े । उन्होंने डूबने से कई व्यक्तियों को बचाया । असहाय व्यक्तियों को सफलतापूर्वक बचाने के पश्चात उसने उनका प्राथमिक उपचार भी किया ।

लांस नायक भारत भूषण ने अपने जीवन के प्रति गंभीर खतरे की परवाह न करते हुए डूबने से कई व्यक्तियों के प्राणों को बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 27 मार्च 1993

संख्या 9/2/93-के० से०-II—कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 1993 में केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा, रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा, पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना), केन्द्रीय सतर्कता आयोग तथा भारत निर्वाचन आयोग के सचिवालय के उच्च श्रेणी ग्रेड को चयन सूचियों में सम्मिलित करने के लिए एक सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा के लिए नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ।

2. चयन सूची में शामिल करने के लिए चयन किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी की जाने वाली विज्ञप्ति में विशिष्टीकृत की जाएगी । अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण मांगकर्ता संवर्ग/कार्यालयों द्वारा आयोग को भेजी गई रिक्ति को ध्यान में रखकर किया जाएगा ।

अनुसूचित जाति/जनजाति का अभिप्राय उस किसी भी जाति से है जो निम्नलिखित में उल्लिखित है :-

1. संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 ।
2. संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 ।
3. संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951 ।
4. संविधान अनुसूचित जनजाति (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश 1951 ।
5. संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956 ।
6. संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1959 ।
7. संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1962 ।
8. संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962 ।
9. संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964 ।
10. संविधान (उत्तर प्रदेश) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1967 ।
11. संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968 ।
12. संविधान (गोवा, दमन और द्वीव) अनुसूचित जनजाति, आदेश, 1968 ।
13. संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1970 ।
14. संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1978 ।
15. संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978 ।
16. संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1989; तथा समय-समय पर संशोधित आदेश ।

2क. शारीरिक रूप से विकलांग तथा (मूक एवं बधिर) उम्मीदवार के लिए आरक्षण किये जायेंगे ।

3. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इस परीक्षा का कार्य संचालन इन नियमों के परिशिष्ट में विहित विधि से किया जाएगा ।

किस तारीख को और किन-किन स्थानों पर परीक्षा ली जाएगी, इसका निर्धारण आयोग करेगा ।

4. केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के अवर श्रेणी ग्रेड का ऐसा कोई स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थायी प्राधिकारी जो 1 अगस्त 1993 को निम्नलिखित शर्तें पूरी करता है, इस परिक्षा में बैठ सकेगा :—

(1) 1 अगस्त, 1993 को केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड में अथवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के अवर श्रेणी लिपिक के पद पर उसकी पांच वर्ष से कम की अनुमोदित तथा लगातार सेवा अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय में उसकी 3 वर्ष कम की अनुमोदित तथा लगातार सेवा नहीं होनी चाहिए ।

परन्तु यदि केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के अवर श्रेणी ग्रेड में उसकी नियुक्ति प्रतियोगितात्मक परीक्षा

जिसमें सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा के परिणाम निर्णायक तारीख कम से कम पांच वर्ष पहले घोषित हुए होने चाहिए तथा उसकी उस ग्रेड में कम से कम चार वर्ष की अनुमोदित और लगातार सेवा होनी चाहिए ।

परन्तु यदि भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय के अवर श्रेणी लिपिक के पद पर उसकी नियुक्ति प्रतियोगितात्मक परीक्षा जिसमें सीमित विभागीय प्रतियोगितात्मक परीक्षा भी शामिल है, के परिणाम के आधार पर हुई हो, तो ऐसी परीक्षा के परिणाम निर्णायक तारीख से कम से कम 3 वर्ष पहले घोषित हुए होने चाहिए तथा उसकी उस ग्रेड में कम से कम 2 वर्ष की अनुमोदित और लगातार सेवा होनी चाहिए ।

टिप्पणी : (1) स्वीकृत तथा लगातार सेवा की 5 वर्ष की सीमा उस अवस्था में भी लागू होगी यदि किसी उम्मीदवार की कुल विचारणीय सेवा अंशतः केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग में अवर श्रेणी लिपिक के रूप में और अंशतः उच्च श्रेणी लिपिक के रूप में की गई हो ।

टिप्पणी : (2) अनुमोदित तथा लगातार सेवा की 3 वर्ष की सीमा उस अवस्था में भी लागू होगी, यदि किसी उम्मीदवार की कुल विचारणीय सेवा अंशतः भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय में अवर श्रेणी लिपिक के रूप में और अंशतः उच्च श्रेणी लिपिक के रूप में की गई हो ।

टिप्पणी : (3) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय अथवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग का कोई स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थायी अवर श्रेणी लिपिक, जिसने 26 अक्तूबर, 1962 को जारी की गई आपातकाल की उद्घोषणा के प्रवर्तन काल में अर्थात् 26 अक्तूबर 1962 से 9 जनवरी, 1968 तक सशस्त्र सेना में सेवा की हो, सशस्त्र सेना से प्रत्यावर्तन पर सशस्त्र सेना में अपनी सेवा की अवधि (प्रशिक्षण की अवधि मिलाकर यदि कोई हो) निर्धारित न्यूनतम सेवा में गिन सकेगा, अथवा

टिप्पणी : (1) ऐसे अवर श्रेणी लिपिक जो सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से निसंवर्गीय पदों पर प्रतिनियुक्ति हो उन्हें, अन्यथा पात्र होने पर इस परीक्षा में भाग लेने का पात्र समझा जाएगा । तथा यह बात उन अवर श्रेणी लिपिकों पर लागू नहीं होती जो स्थानांतरित रूप में निःसवर्गीय पदों पर या अन्य सेवा में नियुक्त किए गए हों, और केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय लिपिक सेवा अथवा भारत के निर्वाचन आयोग के सचिवालय अथवा पर्यटन विभाग (मुख्यालय स्थापना) अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निम्न श्रेणी ग्रेड में ग्रहण अधिकार (लियन) न रखते हों ।

(2) आयु—

(क) यदि वह पैरा 1 में वर्णित किन्हीं भी सेवाओं में स्थायी अथवा नियमित रूप में नियुक्त अवर श्रेणी लिपिक है तो 1 अगस्त 1993 को उसकी आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उसका जन्म 2 अगस्त 1943 से पूर्व नहीं हुआ हो :

(ख) ऊपरलिखित ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित और छूट होगी :

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(2) किसी दूसरे देश से संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रव-ग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियों को करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम 3 वर्ष तक,

(3) किसी दूसरे देश के संघर्ष के दौरान अथवा उपद्रवग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त अनुसूचित जातियों तथा आदिम जातियों से संबंधित रक्षा सेवा कार्मिकों के मामलों में अधिकतम 8 वर्ष तक,

(4) 1971 में हुए भारत पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों में विकलांग हुए तथा उसके फल-स्वरूप निर्मुक्त किए गए सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के मामलों में अधिकतम 3 वर्ष तक,

(5) 1971 में हुए भारत पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किए गए सीमा सुरक्षा बल के ऐसे कार्मिकों के मामले में अधिकतम 8 वर्ष तक, जो अनुसूचित जातियों या अनूसूचित आदिम जातियों के हों,

(3) टंकण परीक्षा :—यदि किसी उम्मीदवार को अवर श्रेणी ग्रेड में स्थायीकरण के उद्देश्य से संघ लोक सेवा आयोग/सचिवालय प्रशिक्षणशाला/सचिवालय प्रशिक्षण तथा

प्रबन्ध संस्थान परीक्षा स्कन्ध) अधीनस्थ सेवा कर्मचारी चयन आयोग की मासिक/तिमाही टाईप की परीक्षा उत्तीर्ण करने से छूट न मिली हो तो इस परीक्षा की अधिसूचना की तारीख को या इससे पहले वह टाईप की परीक्षा में उत्तीर्ण कर लेनी चाहिए ।

5. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में इस आयोग का निर्णय अंतिम होगा ।

6. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) न हो ।

7. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिए दोषी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया हो कि उसने :—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप से कार्य कराया है, अथवा

(4) जाली प्रमाण पत्र या ऐसे प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये हैं, जिसमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(5) गलत या झूठे वक्तव्य दिये हैं, या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(6) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा भवन में अनुचित तरीके अपनाये हैं, अथवा

(8) परीक्षा भवन में अनुचित आचरण किया है, अथवा

(9) असंगत सामग्री लिखना जिसमें पाण्डुलिपि में अश्लील भाषा या अश्लील सामग्री भी शामिल हैं, या

(10) परीक्षा संचालन के दौरान परीक्षा भवन से प्रश्न पुस्तिका/उत्तर पत्रक ले गया हो या इसे किसी अनाधिकृत व्यक्ति को दिया हो ।

(11) आयोग द्वारा परीक्षा के संचालन के लिए नियुक्त स्टाफ को तंग किया है, अथवा शारीरिक चोट पहुंचाई है, अथवा

(12) अपने प्रवेश पत्र के साथ जारी किए गए किसी अनुदेश का उल्लंघन किया है, अथवा
